हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
13 मार्च 2024, समय 1810

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी हरियाणा की नई सरकार ने सदन में विश्वास-मत हासिल किया।
- हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल विधानसभा सीट से त्याग-पत्र देने की घोषणा की।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में गत साढ़े 9 वर्षों में चहुंमुखी विकास हुआ है।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 3 लाख रिक्तियों के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार को मंजूरी दी।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आकाशवाणी समाचार एवं दूरदर्शन समाचार की पुनर्निर्मित वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए आई आर ऐप जारी की।

..............................................................................

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार ने आज विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सदन में विश्वास मत हासिल किया।

लगभग 2 घंटे की चर्चा के बाद विश्वास मत का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ।

उल्लेखनीय है कि कल मुख्यमंत्री मनोहर लाल के इस्तीफे के बाद श्री नायब सिंह सैनी को बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया और शाम को उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी। मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा था कि वे कल विधानसभा के विशेष सत्र में बहुमत साबित करेंगे।

..............................................................................

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल विधानसभा सीट से त्याग पत्र देने की घोषणा की है।

उन्होंने आज हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र में सदन को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। श्री मनोहर लाल ने कहा कि करनाल की सेवा अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगा, वे उसे और भी तन्मयता से निभायेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें 9 वर्ष साढ़े 4 महीने तक सदन के नेतृत्व का मौका मिला और इसी सदन का आभार व्यक्त किया।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि उनके कार्यकाल में बजट पर चर्चा के लिए समितियां बनाई गई। विधानसभा भवन में बाबा अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया और विधानसभा को डिजिटल बनाने में सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने 'हरियाणा एक-हरियाणवी एक' की भावना के साथ काम किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से मिले सहयोग के लिए उनका भी धन्यवाद किया।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि परिवर्तन जीवन का हिस्सा है और जीवन में जब मोड़ आता है तो मुड़ना पड़ता है। इसे पथ बदलना कहते है।

..................................................................................

हरियाणा के नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में गत साढ़े नौ वर्षों में चहुंमुखी विकास हुआ है और जनता को सुविधायें मिली है।

विश्वास मत हासिल करने के बाद सदन को संबोधित करते हुए वर्तमान सरकार कड़ी मेहनत के साथ प्रदेशवासियों की सेवा में जुटेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस सोच के साथ काम करेंगे कि लोगों तक सुविधायें और भी तेज़ गति से पहुंचे और विकास की नई योजनायें लाई जायें।

श्री सैनी ने कहा सदन में मुख्यमंत्री के तौर पर आज उनका पहला दिन है, हालांकि इससे पहले भी वर्ष 2014 से 2019 तक वे सदन के सदस्य रह चुके हैं और उसके बाद लोकसभा में भी प्रदेश का नेतृत्व किया। खुद को भारतीय जनता पार्टी का एक छोटा सा कार्यकर्ता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे एक सामान्य परिवार से संबंध रखते है और उनके परिवार में कभी कोई राजनीति में नहीं रहा।

उन्होंने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी में ही संभव हो सकता है कि विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए प्रदेशाध्यक्ष के बाद उन्हें मुख्यमंत्री की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया।
श्री सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री को एक राजनीतिक फकीर और देश की तकदीर बताया और कहा कि उन्होंने ईमानदारी और पूरी निष्ठा से अपना पूरा जीवन प्रदेश की सेवा में लगाया है

..................................................................................

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीन लाख रिक्तियों के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर यानि एनसीसी के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक विज्ञप्ति के अनुसार इस विस्तार से देशभर के शैक्षणिक संस्थानों से एनसीसी की बढ़ती मांग को पुरा किया जा सकेगा। विस्तार योजना के तहत चार नए समूह मुख्यालयों और दो नई एनसीसी इकाईयों की स्थापना की जाएगी।
मंत्रालय ने कहा कि विस्तार योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षक के रूप में रोजगार देने का प्रस्ताव है। इसमें कहा गया है कि इस पहल से 'अमृत पीढ़ी' के

अनुशासित, प्रेरित और देशभक्त युवाओं की संख्या बढ़ेगी जिसमें 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में मदद मिलेगी।

सन 1948 में मात्र बीस हजार कैडेट्स वाली राष्ट्रीय कैडेट कोर में आज बीस लाख से भी अधिक कैडेट के साथ विश्व का यह सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है। मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में रखा गया है। यह विस्तार युवाओं की भविष्य के नेताओं की भूमिका निभाने के लिए उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक कदम होगा।

इस विस्तार से सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एनसीसी शुरू करने के इच्छुक संस्थानों की प्रतीक्षा सूची भी कम होगी।

..........................................................................

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की पुनर्निर्मित वेबसाइट जारी की।

श्री ठाकुर ने इस अवसर पर पुर्निर्मित न्यूज़ ओन ऐ आई आर ऐप और प्रसार भारती शब्द प्लेटफॉर्म भी जारी किया। इस मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि दूरदर्शन और आकाशवाणी वर्षों से लोक प्रसारक के रूप में सेवायें दे रहे है। अपने नेटवर्क के माध्यम से दोनों लोक प्रसारकों ने देश के हर कोने में स्थानीय भाषा को प्रोत्साहन देते हुए अंतिम व्यक्ति तक जानकारी पहुंचाई है।

श्री ठाकुरने कहा कि प्रसार भारती शब्द प्लैटफॉर्म के माध्यम से समाचार संस्थानें को विभिन्न भाषाओं में ऑडियो-वीडियो, फोटो व पठन सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए तैयार है। श्री ठाकुर ने इसे क्रांतिकारी कदम बताया है।

..........................................................................

हरियाणा श्रम विभाग में, लाभ लेने के लिए श्रमिकों द्वारा भरे जाने वाले अंडरटेकिंग को अब ऑनलाइन भरा जाएगा और वन टाइम पासवर्ड यानि ओटीपी प्रणाली के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा।

श्रम विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि यह बदलाव संचार, लाभ आवेदनों में लगने वाली आपत्तियों और आवेदनों से संबंधित अस्वीकृतियों को सुव्यवस्थित करने के लिए बनाया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बेहतर संचार, निर्णय लेने में स्पष्टता और बिना गलती के सरल आवेदन प्रक्रिया की सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में श्रमिकों द्वारा भरे जाने वाले लाभ आवेदनों पर लगने वाली कई प्रकार की आपत्तियों को भी समाप्त कर दिया गया है। इससे पूरी प्रक्रिया में लगने वाले समय में भी कमी

आएगी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, विभाग ने सूचनाओं को स्वत: भरने की सुविधा देकर फॉर्म भरने की आवश्यकताओं को कम कर दिया है, जिससे समय की बचत होगी और त्रुटियां कम होंगी।

प्रवक्ता ने बताया कि इस महत्वपूर्ण पहल के तहत, दस्तावेज़ अपलोड प्रक्रिया को व्हाट्सप्प जैसे पॉपुलर मैसेजिंग एप्लिकेशन्स के साथ जोड़ कर इसे श्रमिकों के लिए आसान बनाया गया है, जहां पर आवश्यक दस्तावेजों को आसानी से क्लिक करके अपलोड करने की सुविधा दी गई है।

........................................................................................

कालका के राजकीय महसविद्यालय में चुनाव साक्षरता क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रोमिला मलिक ने विद्यार्थियों को 18 वर्ष पूरे होने पर वोटर कार्ड बनवाने और बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं का भी लोकतंत्र की मज़बूती के लिए मतदान में भाग लेने को कहा।

इस दौरान क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. गुलशन कुमार ने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हुए किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

........................................................................................